An ISO Certified Institution
Affiliated to CCS University, Meerut & Approved by Bar Council of India, New Delhi.
COURSES OFFERED
LL.B, B.A. LL.B, LL.M
THE RIGHT KNOWLEDGE,
THE RIGHT TRAINING
CAN SHOW YOU
THE RIGHT WAY TO SUCCESS
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
15TH AUGUST
KAMKUS COLLEGE OF LAW
Bhagirath Campus, B-Block, Sec-23, Sanjay Nagar, Ghaziabad (U.P.) India
Ph.: 0120-2783555, 2786888 Fax.: 0120-2783555
Website : www.kamkus.org E-mail: kamkus.law@hotmail.com


C.S.H.P PUBLIC SCHOOL
PRATAP VIHAR, GHAZIABAD
(Affiliated to C.B.S.E, New Delhi, 10+2)
PRAMOD GUPTA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
15TH AUGUST
SAVITA GUPTA
DIRECTOR
MAMTA SHARMA
PRINCIPAL
TUSHAR GUPTA
MANAGER
Ph.- 0120-2843032
9667212410
Email: cshppsghaziabad@gmail.com
Website:www.cshpschool.com



आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रामनरेश रावत
पूर्व विधायक गढ़मुक्तेश्वर
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश




सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पवन गोयल
सदस्य प्रदेश कार्य समिति भाजपा एवं
सदस्य गाजियाबाद विकास प्राधिकरण




Bindals
PREMIUM FAMILY DRESSING
7 DAYS OPEN
SUMMER SALE
LEVI'S BUY 1 GET 1 FREE
Pepe Jeans BUY 3 GET 50% OFF
MUFTI BUY 1 GET 1 FREE
U.S. POLO ASSN. BUY 3 GET 40% OFF
Allen Solly BUY 1 GET 1 FREE
PUMA BUY 2 GET 2 FREE
BUY 2 GET 2 FREE
BUY 2 GET 2 FREE
BUY 2 GET 2 FREE
BUY 2 GET 50% OFF
Libas BUY 2 GET 50% OFF
RAISIN BUY 3 GET 50% OFF
spykar BUY 2 GET 50% OFF
FLAT 45% OFF
RUFF FLAT 50% OFF
BUY 3 GET 50% OFF
Bindals
PREMIUM FAMILY DRESSING
*T&C Apply
54-A & B, MODEL TOWN, G.T. ROAD. GHAZIABAD
PH: 0120-4159066

# कार्यालय नगर पालिका परिषद पिलखुवा

## -: सार्वजनिक सूचना :-

नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर अपील करती हैं-

1. आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत रखते हुए समस्त संभ्रान्त नागरिक स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। कूडे को रास्ते, नाले, नालियों व तालाबों में न फेंके और न जलायें।
2. गीला कचरा हरे डस्टबिन में, सूखा कचरा नीले डस्टबिन तथा हैजार्ड वेस्ट काले डस्टबिन में ही डालें। स्वच्छता के दो रंगो से दो कूडादान बनाओ, हरे-नीले रंग से सजाओं।
3. नगर की सफाई में सहयोग करें, कूडे का पृथक्कीरण कर कूडादान व कूडा गाडी में ही डालें, अन्यथा नगर पालिका के सफाईकर्मी को ही सौंप दें, तीन वर्ष मे एक बार सैप्टिक टैंक साफ करायें।
4. खुले में शौच व मूत्र न करें, व्यक्तिगत शौचालय, सार्वजनिक शौचालयों या सामुदायिक शौचालयो का ही प्रयोग करें।
5. प्लास्टिक, थर्माकोल और पॉलिथीन आदि प्रतिबन्धित सामग्री का प्रयोग न करें। यह दण्डनीय अपराध है।
6. जल है तो कल है, कृपया जल का दोहन न करें। पानी की टोंटी को अनावश्यक खुला न छोड़ें।
7. सी० एण्ड डी० वेस्ट रूल्स सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का पालन करें।
8. पर्यावरण और सेहत को ध्यान में रखते हुए, हमें प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का प्रण लें। दीपावली को सामूहिक रूप से जीरो वेस्ट, इको-फ्रेंडली दीपावली मनायें।
9. नगर पालिका के सभी प्रकार के बकाया देयो की समय से अदायगी करें, कर से छूटे भवन स्वामी एक माह में करांकन के फार्म भरकर जमा कर दें।
10. नारी शक्ति अभियान में सहयोग करें।
11. पालिका के अस्थायी गौ- आश्रय स्थल में गौमाता के पोषण हेतु श्रद्धानुसार दान करें एवं पुण्य लाभ उठायें।

# सभी देशवासियों को
# स्वतंत्रता दिवस
# की हार्दिक



## हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त सम्मानित सभासदगण नगर पालिका परिषद पिलखुवा
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पिलखुवा



**विभु बंसल (अध्यक्ष)**
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

**इन्द्रपाल सिंह**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डा. सोनू पाठक
प्रदेश अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश - उद्योग व्यापार मण्डल


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
संजीव त्यागी
पूर्व पार्षद वार्ड-50 (भाजपा)


Happy Independence Day
ITS
THE EDUCATION GROUP
GHAZIABAD | Since 1995 | GREATER NOIDA
30 Years of Academic Excellence
PROGRAMMES
• MANAGEMENT • I.T. • DENTISTRY • PHARMACY
• ENGINEERING • PHYSIOTHERAPY
CAMPUS ONE
BBA BCA MBA MCA PGDM
Mohan Nagar, Ghaziabad-201007
08447744041/42/43/44
itsmn@its.edu.in
admissions.mn@its.edu.in
CAMPUS TWO
BDS MDS BPT MPT B.Pharm M.Pharm D.Pharm Ph.D.
Murad Nagar, Ghaziabad-201206
08447753520/24/25/26/28/30
dental@its.edu.in
physio@its.edu.in
pharmacy@its.edu.in
CAMPUS THREE
B.Tech
ME • CSE • CS • ECE AI & ML • DS
MBA
BBA BCA BPT
46, Knowledge Park-III Greater Noida - 201310
08510010840/41/42/43
engg.gn@its.edu.in
itschws@its.edu.in
itscps@its.edu.in
CAMPUS FOUR
BDS MDS
47, Knowledge Park-III Greater Noida - 201310
07840001650/1439
dental.gn@its.edu.in
CAMPUS FIVE
Chadha Public School
Village Nangla Kumbha, PO: Sivalkhas Via Jani, Meerut - 250501
Email id : cct@its.edu.in
08192000784
website : www.its.edu.in | /ITSEducationGroup | @ITSEduGroup


समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
महेंद्र पाटिल
हरीश मल्होत्रा
पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा
महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष :
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) गा.बाद
ज्ञानेश्वर पाटिल
सांसद
खंडवा लोकसभा








# हर घर तिरंगा अभियान: पार्षद नरेश भाटी ने घर-घर पहुंचकर बांटे राष्ट्रीय ध्वज, लोगों से फहराने की अपील





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने गुरुवार को वार्ड के विभिन्न सेक्टरों में जाकर स्वयं राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए।

पार्षद नरेश भाटी ने वार्ड का दौरा किया। उन्होंने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। ओर कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और एकता का प्रतीक है। अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना जगाना और लोगों को देश की आजादी में सबकी भागीदारी का एहसास कराना है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को देश के प्रतीक का सम्मान करने का संस्कार देना जरूरी है। पूर्व पार्षद आशा भाटी ने 15 अगस्त को हर घर, गली और मोहल्ले में तिरंगा फहराने का आह्वान किया।






# वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी ने बांटे तिरंगे



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी वार्डों और वरिष्ठ नेताओं को तिरंगा वितरण किया।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। साथ ही पत्र देकर देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं के घर भी 10-10 तिरंगा वितरित किए, वहीं मंडल में पांच हजार से अधिक तिरंगे झंड़े वितरण किए। इसका उद्देश्य उन कार्यकर्ताओं और नेताओं के योगदान को याद कर उन्हें भी इस अभियान से जोड़ना है।

# शराब पीकर लेनदेने को लेकर विवाद होने पर दीवार में सिर पटक कर, कर दी हत्या



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** रुपए के लेनदेन में हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने दोस्त की गला दबाकर हत्या कर दी। विवाद से पहले दोनों ने मिलकर शराब पी। घटना लिंक रोड थाना क्षेत्र के कड़कड़ मॉडल गांव की है। जानकारी के अनुसार, में शराब पीने के बाद रुपयों के लेनदेन को लेकर दो दोस्तों में विवाद हो गया। नशे में धुत एक दोस्त ने दूसरे दोस्त का गला दबाकर और दीवार पर सिर पटककर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर के उपरौला गांव के निवासी रंजीत राम के रूप में हुई। 45 वर्षीय रंजीत राम कड़कड़ माडल में दोस्त विक्रम के साथ किराये पर रहकर मजदूरी करते थे। रात रंजीत व विक्रम कमरे में बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के बाद दोनों के नशे की हालत में रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस पर इस पर विक्रम ने रंजीत के गले में गमछा डालकर गला दबा दिया और बाद में दीवार से सिर पटक कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

कुछ देर बाद रंजीत के दोस्त रवि भूषण पहुंचे तो रंजीत का शव देखकर पुलिस को हत्या की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मामले में रवि भूषण ने विक्रम पर हत्या का शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
नंदकिशोर गुर्जर
विधायक
(लोनी)


KRISHNA
UPVCA
BUILDERS' ASSOCIATION OF INDIA
BAI
सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
रविन्द्र त्यागी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया
अध्यक्ष, वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ यू.पी.
उपाध्यक्ष बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया (BVCI)
सी.एम.डी. कृष्णा ग्रुप ऑफ कम्पनी

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से भारी तबाही

## सीआरपीएफ के 2 जवानों समेत 46 की मौत, सैकड़ों लापता







**किश्तवाड़:** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को आई एक भयानक प्राकृतिक आपदा ने तबाही मचा दी है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे किश्तवाड़ से 90 किलोमीटर दूर चिशोती गांव में बादल फटने से पानी का सैलाब आ गया। पहाड़ों से पानी के साथ मिट्टी, पत्थर और बड़ी-बड़ी चट्टानें बहकर आईं, जिन्होंने रास्ते में आने वाली हर चीज को तबाह कर दिया। इस हादसे में सीआरपीएफ के 2 जवानों समेत 46 लोगों की मौत हो चुकी है, 120 से ज्यादा लोग घायल हैं, और करीब 250 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अब तक 167 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव कार्य में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

**चिशोती में मचैल माता यात्रा के दौरान हादसा :** चिशोती गांव में उस वक्त भारी भीड़ थी, क्योंकि मचैल माता यात्रा के लिए हजारों श्रद्धालु वहां जमा थे। चिशोती से करीब 8.5 किलोमीटर दूर, 9,000 फीट की ऊंचाई पर मचैल माता मंदिर है। हर साल इस यात्रा में देश भर से लोग आते हैं। चिशोती गांव तक सड़क है, और इसके बाद पैदल ट्रैक करके मंदिर तक जाना होता है। हादसे के वक्त श्रद्धालुओं के लिए लंगर और टेंट लगे थे, लेकिन बादल फटने से सब कुछ बह गया। दुकानें, घर, सड़कें, और पुल तक पानी के तेज बहाव में नष्ट हो गए। प्रशासन के मुताबिक, आधिकारिक तौर पर 220 लोग लापता हैं, लेकिन असल संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है, क्योंकि मचैल माता यात्रा के कारण हजारों लोग वहां मौजूद थे।

**रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही हैं चुनौतियां :** हादसे की खबर मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। ठऊफ्रक्ष्की 2 टीमें उधमपुर से चिशोती के लिए रवाना हुईं। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, और एसडीआरएफ की टीमें भी रेस्क्यू में जुटी हैं। किश्तवाड़, डोडा, और भदरवाह से एम्बुलेंस भेजी गई हैं, और जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पा रहे, और रास्ते बह जाने से घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मुश्किल हो रही है।

**'पूरे इलाके में जबरदस्त भीड़, कई दुकानें बहीं' :** जम्मू-कश्मीर असेंबली में विपक्ष के नेता और पद्दर से विधायक सुनील शर्मा ने कहा, 'मचैल माता यात्रा की वजह से पूरे इलाके में जबरदस्त भीड़ है। तमाम टेंट बनाए गए हैं। दुकानें हैं, जो बह गई हैं। इसलिए वहां भारी नुकसान की आशंका है।' केंद्रीय मंत्री और उधमपुर से सांसद जीतेंद्र सिंह ने बताया, 'मुझे जम्मू-कश्मीर में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने फोन करके इस घटना की जानकारी दी। मैंने डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क करके हालात का अपडेट लिया। मुसीबत के इस वक्त में केंद्र सरकार, राज्य सरकार की हर संभव मदद कर रही है।'

**पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर शोक जताया और हर संभव मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। पीएम मोदी ने ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा, 'जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।'

**'प्रभावित लोगों को फौरन मदद पहुंचाई जा रही' :** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से किश्तवाड़ के हालात पर बात की है। लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने बताया, 'पुलिस, आर्मी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन में लगाया गया है। प्रभावित लोगों को फौरन मदद पहुंचाई जा रही है।' पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया और बादल फटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, 'बादल फटना अब पहाड़ी राज्यों में आम बात हो गई है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, और हिमाचल में लगातार बादल फट रहे हैं। ये ग्लोबल वार्मिंग का असर है या इसकी कोई और वजह है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।'

**सूबे में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम रद्द :** किश्तवाड़ में इस आपदा के कारण जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। जम्मू में होने वाली ह्यएट होमह्ल टी पार्टी भी कैंसिल कर दी गई है। उमर अब्दुल्ला ने बताया कि शुक्रवार को सिर्फ परेड होगी, कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा। मचैल माता यात्रा में शामिल कुछ लोग जो मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे, हादसे से बाल-बाल बच गए। इनमें से कई लोग देर शाम किश्तवाड़ पहुंचे, लेकिन उनके कई रिश्तेदार अब भी लापता हैं।

# ऑपरेशन कनविक्शन के तहत दो महीने में 10 आरोपियों को दिलवाई न्यायालय से सजा

## एसीपी ने कोर्ट पैरोकार किए सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर द्वारा संज्ञेय अपराधियों के खिलाफ न्यायालय में अभियोजनों में प्रभावशाली पैरवी करते हुए इनको जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए बेहतर काम किया गया है। साथ ही बीते दो महीने के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 10 ऐसे आरोपियों को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा दिलवाई गई है। वहीं दो मामलों में आजीवन कारावास भी हुआ है। वहीं पुलिस द्वारा डिजिटल साक्ष्य भी उपलब्ध कराए गए हैं। बता दें कि गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन अभियान शुरू किया गया था। जिसके अंतर्गत संज्ञेय अपराधों में त्वरित कार्रवाई की गई है। इसके लिए एसीपी श्वेता यादव को अभियोजन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

**सिहानी गेट से लेकर शालीमार गार्डन तक ने आरोपियों को कराया कारावास**

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन कनविक्शन के तहत थाना सिहानी गेट, कवि नगर, मुरादनगर, लोनी, भोजपुर, खोड़ा, इंदिरापुरम, साहिबाबाद और शालीमार गार्डन द्वारा पास्को एक्ट से लेकर अन्य प्रमुख मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए डिजीटली साक्ष्य पेश किए गए। जिसके बाद कई मामलों में 10 वर्ष कारावास, आजीवन कारावास और 20 वर्ष कारावास, 25000 का जुमार्ना लगाने जैसे महत्वपूर्ण फैसले दिए गए हैं।

इसके साथ ही कोर्ट पैरोंकार अंकित कुमार सिहानी गेट, सोनू कुमार कवि नगर, सुशील कुमार मुरादनगर, सौरभ कुमार लोनी, नैम सिंह भोजपुर, श्यामवीर सिंह खोड़ा और पौरुष इंदिरापुरम व राधेश्याम साहिबाबाद थाना तो हेमलता शालीमार गार्डन को बेहतर काम करने के लिए सम्मानित भी किया गया है।

> अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कनविक्शन शुरू किया गया है। जिसमें कोर्ट पैरोंकारों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। साथ ही पुलिस ने भी बेहतर साक्ष्य संकलन और डिजिटल साक्ष्य जुटाएं हैं। जिसकी वजह से सजा जल्द और तेज गति से मिली है।
>
> जे रविंदर गौड, कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद



# 'राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई मृत मतदाताओं की सूची', सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद चुनाव आयोग का बयान




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि वह मृत मतदाताओं और जिन लोगों के पास एक से ज्यादा मतदाता पहचान पत्र हैं, उनकी सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा कर रहा है। आयोग ने यह भी बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए इस्तेमाल किए जा रहे फॉर्म में पहले से ही पहचान के प्रमाण के रूप में आधार नंबर मांगा जाता है। चुनाव आयोग का यह बयान तब आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने उसे बिहार की मतदाता सूची से हटाए 65 लाख नामों की जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया।

आयोग ने कहा कि मृत मतदाताओं और स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके लोगों की सूची 20 जुलाई से ही राजनीतिक दलों को दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों की जानकारी और उन्हें शामिल न करने के कारणों को सार्वजनिक करे, ताकि पारदर्शिता बढ़ाई जा सके।

**चुनाव आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया को सही ठहराया :** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सही ठहराते हुए चुनाव आयोग ने आज सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह 'तीव्र राजनीतिक टकराव के माहौल' में काम कर रहा है, जहां शायद ही उसके कोई निर्णय बिना विवाद के रहते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने माना कि चुनाव आयोग को एसआईआर करने का अधिकार है, लेकिन यह प्रक्रिया तर्कसंगत और निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा, चुनाव आयोग इस समय ऐसे माहौल में काम कर रहा है, जहां उसकी लगभग हर बात को चुनौती दी जाती है। फिर भी उसके पास विशेष गहन पुनरीक्षण करने जैसे फैसले लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि आयोग राजनीतिक दलों की खींचतान में फंसा हुआ है, जहां पार्टियां चुनाव हारने पर ईवीएम को खराब और जीतने पर उसे सही बताती हैं। द्विवेदी ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा कि चुनाव आयोग जो चाहे वो कर सकता है। लेकिन संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत आयोग के पास पर्याप्त अधिकार हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग राजनीतिक धारणा की बजाय कानूनी पहलुओं पर ध्यान देता है। चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक पार्टियों की अपनी जरूरतें होती हैं, लेकिन हमारी जिम्मेदारी कानून के प्रति है। द्विवेदी ने यह भी कहा, देखिए हम क्या कह रहे हैं और इसे कैसे गलत तरीके से पेश किया गया। कुछ वकीलों ने बिना हलफनामे के कुछ व्यक्तियों को पेश कर नाटक रचने की कोशिश की, जिन्हें मृत बताया गया, वे जीवित थे। हमें नहीं पता वे कौन थे और कहां से आए।

चुनाव आयोग के वकील ने बताया कि 7.24 करोड़ फॉर्म जमा हुए हैं, जिनमें से पांच करोड़ नामों की जांच की गई है। अगर कोर्ट 24 जून को एसआईआर शुरू करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 15 दिन बाद सुने, तो आयोग और बेहतर आंकड़े दे सकता है।

# बीएसएफ के जवान के निधन से शोक में डूबा बेगमाबाद गांव

## एक साल पहले ही हुई थी शादी



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** जिले के मोदीनगर क्षेत्र के बेगमाबाद गांव में बुधवार को शोक की लहर दौड़ गई, जब गांव के लाल और बीएसएफ बीएसएफ के जवान नितिन नेहरा का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा। पंजाब के भटिंडा में तैनात नितिन का सोमवार रात ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, नितिन बीएसएफ की 55वीं बटालियन में तैनात थे और वर्ष 2016 में उन्होंने सीमा सुरक्षा बल (इरऋ) में भर्ती होकर देश सेवा का जिम्मा संभाला था। लगभग एक वर्ष पूर्व ही उनकी शादी मोनिका से हुई थी।

कुछ दिन पहले नितिन अपनी बीमार मां के इलाज के लिए छुट्टी लेकर गांव आए थे और 6 अगस्त को ही ड्यूटी पर वापस लौटे थे। सोमवार रात ड्यूटी के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बुधवार को जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हर आंख नम हो गई। अंतिम दर्शन के लिए गांव में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस वीर जवान को नम आंखों से अंतिम विदाई दे रहा है।

गांव के वरिष्ठ नागरिक रामपाल चौधरी ने बताया, यह पूरे गांव के लिए एक अपूरणीय क्षति है। एक बहादुर बेटा हमसे चला गया। इस दुख की घड़ी में पूरागांव उनके परिवार के साथ है।

# भविष्य के लिए संरक्षित हुआ वर्तमान

## 14 वर्षों की एक निश्चित अवधि के बाद निकाला जाएगा टाइम कैप्सूल






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के प्रांगण में टाइम कैप्सूल को दबाया गया। इस टाइम कैप्सूल में शैक्षिक सत्र 2024-2025 की बहुत सारी चीजों व सूचनाओं को एकत्र करके रखा गया है। जिन्हें अगस्त 2039 को 14 वर्षों की एक निश्चित अवधि के बाद निकाला जाएगा। इस टाइम कैप्सूल में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के द्वारा किया कला से सम्बन्धित कार्य : पेंटिंग्सए काफ्ट आइटम, सांफ्ट खिलौने, गुड़िया, स्कूल की वर्तमान स्टेशनरी, स्कूल के विभिन्न व विशेष कार्यकमों के फोटोग्राफ, विद्यार्थियों के विवरण, स्कूल डायरी, छात्रों व अध्यापकों द्वारा पर्चियों पर लिखे गए भविष्य के नाम संदेश व फोन नम्बर डाले गए। इसके साथ साथ कैम्ब्रिज 10 का पहला परीक्षा परिणाम, पुराना नोकिया फोन, सभी कक्षाओं के फोटो, कार्यकम के फाटोग्राफ, उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल लीग से जुड़ी समस्त जानकारियाँ, स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की विडियों, वर्तमान मुद्रा, सिक्के, डाक टिकट, विद्यालय की नई हाउस टी.शर्ट, कार्ड, खिलौने, पहचान पत्र, बैच, बर्तनए परीक्षा प्रश्न.पत्रए फाटो फेमए वर्तमान सत्र के बोर्ड परीक्षाफल तथा आज की दिनांक के सारे दैनिक समाचार पत्रों की प्रतियाँ, स्कूल के कार्यकमों की कवरेज 2024-25 के वार्षिक व मासिक पाठयक्रम योजना, परीक्षा की तिथियां व दैनिक प्रयोग की बहुत सारी वस्तु, उस डिब्बे में दबाई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रशासनिक निदेशक के० पी० सिंह, एग्जीक्यूटिव हैड़ सुसन होम्स, प्रिंसीपल सीनियर स्कूल मंजुला सिंह व प्रशासनिक अधिकारीए विद्यार्थी परिषद व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल की एग्जीक्यूटिव हैड़ सुसन होम्स ने कहा टाइम कैप्सूल स्कूल की परम्परा से बढ़कर दो पीढ़ियों के बीच एक पुल का काम करेगा। 14 वर्षों बाद 2039 में हमारे शिक्षक व छात्र आज की सृजनात्मकताए जीवन मूल्य व सीखने की जिज्ञासा को समझ पाऐगें। साथ ही 2039 में जब हम इसे खोलेंगें तब की दुनिया में आज से कितना बदलाव आया है। किसी क्षेत्र में कितनी प्रगति हुई है। इसका परिचय भी हमें मिलेगा।

नेहरु वर्ल्ड स्कूल पिछले सात वर्षों से इस कार्यकम को कर रहा है। इस टाइम कैप्सूल को 14 वर्षों के बाद निकाला जाएगा ताकि 14 वर्षों के अतीत व वर्तमान के अन्तर को देख सकें कि 14 वर्षों में समाज के विकास की गति कैसी रही, इसका परिचय भी इस आयोजन से मिलेगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रसेनजीत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रसेनजीत कुमार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आधिकारिक आवास पर भेंट की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समस्त कार्यप्रणाली और संचालन के बारे में जानकारी साझा की गई। कुलपति ने विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया। चर्चा में विशेष रूप से विश्वविद्यालय की प्रमुख पहलों जैसे सबके लिए कौशल विकास, भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय ज्ञान के संवर्धन पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री योगी ने इंडस्ट्री अकादमिक इंटरफेस को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि छात्र बदलते पेशेवर परिवेश के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। इसी क्रम में प्रो. प्रसेनजीत कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नए पाठ्यक्रमों और सुधारों से जुड़े सुझाव भी साझा किए। प्रो. प्रसेनजीत कुमार ने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए इस संवाद को प्रेरणादायक बताया।


उन्होंने एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता दोहराई कि संस्थान हमेशा मूल्य-आधारित, एनईपी-अनुपालन और उद्योग-उन्मुख शिक्षा प्रदान करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को उज्ज्वल और प्रभावशाली भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा सके।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर दो गाडियां भिडीं, लगी आग, दमकल विभाग ने आग पर पाया काबू




**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर गुरुवार सुबह दो गाडियां आपस में भिड गई। जिससे एक वाहन में आग लग गई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर दो गाडियां आपस में भिड गई। एक लोडर गाडी खडी थी तभी एक और वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे लोडर में आग लग गई। घटना की सूचना पाकर दमकल की गाडियां मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद कुछ देर के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर जाम लग गया था।


INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES
IMS
GHAZIABAD
Estd. 1990
IMS GHAZIABAD
GROUP OF INSTITUTIONS
extends warm wishes on
79th
INDEPENDENCE DAY!
Management | Engineering | I.T | Bio-Science
Journalism | International Business
www.imsgroup.ac.in


DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.)
83 YEARS OF EXCELLENCE IN EDUCATION
DR. K.N. MODI UNIVERSITY (NCR)
ADMISSIONS OPEN 2025-2026
TOLL FREE :- 1800-212-1112
Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं!
67 Courses
10,000+ Placements
26 Campuses
1,000+ Girls in Hostel
250 Acres Land
38,500+ Students
800+ Faculty
11,000+ Girl Students
Available Streams
Courses Offered
B.TECH., MBA,
BBA, BCA,
D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,
B.Sc. (BIO-TECH),
B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)
OTT | MLT | ECG & X-Ray
Modinagar - +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com


15th August
INDIA INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
सौजन्य से
T.R.M. GROUP OF INSTITUTIONS
T.R.M.PUBLIC SCHOOL,MODINAGAR & T.R.M.PUBLIC SCHOOL,MURADNAGAR
(A Senior Secondary School,Affiliated to CBSE,New Delhi Delhi – Meerut Road, Modinagar)
(A Senior Secondary School, Affiliated to CBSE, New Delhi, Located in Lush Green Pollution free Environment, Rawli Road, Muradnagar)
VINOD KUMAR MAHESHWARI
PRESIDENT – MANAGER
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MODINAGAR
GAURAV MAHESHWARI
MANAGER
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR
RADHIKA MAHESHWARI
CHAIRPERSON
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR
SALIENT FEATURES
Excellent Educational Aids
Implementation of National Education Policy
Lush Green Pollution Free Environment
Affordable Fee Structure
Safe and Secure Environment
Innovative & Progressive Approach
Child Centric Support System
Comprehensive Teaching and Monitoring
Coherent & Structural Learning
Holistic Growth & Development
Diverse & Creative Pedagogy
Technology based Smart Classrooms
Round the Clock Security through CCTV
MRS. RAJNI OHRI
Principal
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MODINAGAR
MRS. RUCHI AGGARWAL
Principal
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR


SDGI GLOBAL UNIVERSITY
Under the aegis of Sunder Deep Educational Society
Developing Youth as Global Leaders
ADMISSION OPEN 2025-26
19+ Years of Legacy
NEP-2020 Based Program
(National Education Policy)
15 AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
Engineering
Pharmacy
Architecture
Management
Sciences
Commerce
Law
Education
Art & Humanities
Hotel Management
Computer Applications
7840090830, 8595909280/81
www.sgu.edu.in
Toll Free: 1800 890 3280
NH-9, Delhi-Hapur Road, Ghaziabad-201015 (Delhi-NCR)

# पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने वार्ड 61 में तिरंगे झंडे बांटे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम क्षेत्र के वसुंधरा वार्ड संख्या-61 में आजादी के 79 वर्ष पूरा होने के अवसर पर अमृत महोत्सव के तहत लोगों के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरण किया गया। तिरंगा वितरण कार्य वार्ड पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी के द्वारा किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए। पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी ने कहा कि देशवासियों के लिए गर्व का विषय है कि हम देश की आजादी की 79 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। साथ ही कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देशवासियों में देश प्रेम की भावना को जागृत व प्रबल बनाने के लिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में वार्ड पार्षद के द्वारा लोगों के बीच तिरंगा ध्वज का वितरण किया गया। वहीं पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा कि हमारा राष्ट्रध्वज तिरंगा ही हमारी आन, बान व शान है। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने बताया कि वार्ड 61 के हर सेक्टर के घरों में झंडा वितरण किया गया है, 4000 के करीब पार्षद द्वारा झंडा वितरण किया गया है।

# पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने बांटे झंडे



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** घर-घर तिरंगा अभियान के तहत वार्ड 72 कौशांबी वैशाली में पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में क्षेत्र में तिरंगा बांटने का अभियान चलाया जा रहा है। जयपुरिया एनक्लेव सेक्टर एक कामना वैशाली एक्सप्रेस ग्रीन टावर में तिरंगे बांटे गए। इस अवसर पर जयपुरिया एनक्लेव अध्यक्ष के एल सचदेवा, महामंत्री शोभा रानी, बरनवाल उपाध्यक्ष रेनू मल्होत्रा, समाजसेवी एस आर सिंह, अजय गुप्ता, एक्सप्रेस ग्रीन टावर के अध्यक्ष अरुण सिंह, अनुज राठी, भाजपा नेत्री विमल भट्ट, पिंकी ,विमला चौधरी, राहुल, राजीव पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित : हाजी आसिफ चौधरी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हाजी आसिफ चौधरी ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है यह दिन क्रांतिकारियों की वीरता और बलिदान को याद करने का दिन है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया 15 अगस्त 1947 को भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली यह दिन इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करने का दिन है जिन्होंने देश को आजाद करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, इनमें महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू ,सरदार वल्लभभाई पटेल ,सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह और कई अन्य महान नेता शामिल है यह दिन हमें उनकी वीरता देश भक्ति और त्याग की भावना की याद दिलाता है हम उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर देश को और आगे ले जाने का संकल्प लेते हैं यह दिन हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदानों को याद करने और उनके दिखाई मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है यह दिन हमें एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने और देश को आगे ले जाने के लिए प्रेरित करता है 15 अगस्त ही वह दिन है जब देश को अंग्रेजों की 200 सालों की गुलामी से मुक्ति मिली थी ब्रिटिश राज में देश की जनता पर काफी अत्याचार किए गए इस दिन हम उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान ,संघर्ष और अटूट फैसले को याद करते हैं जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

## अखंड भारत संकल्प दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कृष्णा नगर क्षेत्र मे अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए संदीप त्यागी रसम ने बताया कि भारत विभाजन मे जिन लाखों भारतीय नागरिको ने अपने प्राण गंवाये, उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अखंड भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप जलाए गये और मातृभूमि-भारत भूमि को पुनः अखंड करने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद नाम परिवर्तन कर इसका पुराना नाम गजप्रस्थ वापस लौटाए जाने का अभियान चला रहे संदीप त्यागी रसम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अत्याचार को सम्मानित करती मानसिकता भारत छोड़ो अभियान मे गाजियाबाद का नाम गजप्रस्थ स्वीकार करना मील का पत्थर साबित होगा। संघ द्वारा गजप्रस्थ नाम स्वीकार करना जिले के सभी नागरिको की भावनाओं का सम्मान है। स्वाभिमान के साथ सगर्व गजप्रस्थ नाम शीघ्र शासन द्वारा घोषित करना चाहिए।










# पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेंद्र प्रकाश गोयल की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेंद्र प्रकाश गोयल की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके पुत्र सुशांत गोयल द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में न केवल कांग्रेस बल्कि सभी दलों के और सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय सुरेंद्र प्रकाश गोयल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।






# जलसा सांवरे का महोत्सव में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। । श्री खाटू श्याम परिवार के लाडले समिति द्वारा वोल्गा पैलेस में भक्ति महोत्सव का आयोजन किया गया। जलसा सांवरे का महोत्सव में श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाजसेवी सोनू पाठक, अनिल गर्ग राम अवतार जिंदल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।






सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
तेजपाल राणा
पूर्व पार्षद भाजपा गरिमा गार्डन वार्ड नं.-64


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राजेश त्यागी
महानगर महामंत्री, भाजपा, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
विजय मोहन
पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
दिशांत त्यागी
सपा नेता


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अतुल त्यागी
युवा भाजपा नेता एवं पूर्व अध्यक्ष गोविन्दपुरम गौर होम्स, आरडब्ल्यूए


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राजेन्द्र त्यागी
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सतपाल यादव
पूर्व पार्षद
कश्मीरा यादव
पूर्व पार्षद


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजय गुप्ता
भाजपा नेता
मंजुला गुप्ता
मंडल अध्यक्ष, इंदिरापुरम, भाजपा


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अनिल कसाना
पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
यशपाल पहलवान
पार्षद एवं नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा

## राष्ट्रपति बोलीं- सेना ने सीमापार आतंकी ठिकाने तबाह किए

# ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम हमले का जवाब दिया, कश्मीर में रेल पहुंचना माइलस्टोन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। 24 मिनट के संबोधन में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी। उन्होंने कहा- इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।

राष्ट्रपति ने आगे कहा- कश्मीर घाटी में रेल सर्विस शुरू होना बड़ी उपलब्धि है। इससे उस क्षेत्र में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। 64 साल की मुर्मू ने साल 2022 में देश में सबसे कम उम्र में राष्ट्रपति बनने का रिकॉर्ड भी बनाया। पहलगाम हमला निर्दोष नागरिकों की हत्या, कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय थी। इसका जवाब भारत ने फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया।

ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं। रणनीतिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ, हमारी सेना ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। मेरा विश्वास है कि ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा। हमारी एकता ही हमारी जवाबी कार्रवाई की सबसे बड़ी विशेषता थी। आर्थिक क्षेत्र में हमारी उपलब्धियां साफ-साफ देखी जा सकती हैं।

# तिरंगी थीम पर सजाया गया पुलिस कमिश्नर ऑफिस

## थाने और चौकी भी सजे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज 15 अगस्त है और देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। ऐसे में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर के नवनिर्मित ऑफिस को तिरंगी थीम पर सजाया गया है। जिसमें सफेद, हरी और केसरिया रंग की एलईडी लाइटिंग की गई है, जो दूर से ही नजर आ रही है। साथ ही यह सुंदरता भी प्रदान कर रही है।

वहीं पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के कार्यालय, पुलिस लाइन, थानों और पुलिस चौकियों को भी तिरंगी थीम पर सजाया गया है।



## पुलिस ऑफिस, लाइन और डीसीपी कार्यालय में होगा आज ध्वजारोहण

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस राजनगर, तीनों जोन के डीसीपी, पुलिस लाइन और थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान यहां राष्ट्रगान होगा और तिरंगे को पुलिसकर्मी सलामी देने का काम करेंगे।

## जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** स्वतंत्रता दिवस के बाद 16 अगस्त को जन्माष्टमी है। जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित मंदिर और लाइन में भक्तिभाव से भरे हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यहां भगवान कृष्ण के लिए सुंदर दरबार सजाया जाएगा। तो भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी होगा। इसके लिए पुलिस लाइन को सजाया जा रहा है।

# हिंडन एयरपोर्ट ,रेलवे स्टेशन और मॉल में चला सघन चेकिंग अभियान

## 15 अगस्त को लेकर जगह-जगह पुलिस ने ली तलाशी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कमिश्नरेट के सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में पुलिस के आलाधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। तो वहीं हिंडन एयरपोर्ट पर एसीपी उपासना पांडे ने पैदल गश्त और डॉग स्क्वायड टीम के साथ यहां का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना, तो वहीं एसीपी घंटाघर कोतवाली ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन पर मोहन नगर में एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव और शालीमार गार्डन में एसीपी अतुल सिंह के नेतृत्व में पुलिस एक्टिव मोड में देखी गई। वहीं कवि नगर में एसीपी भास्कर वर्मा और इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने भी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली।

## डॉग स्क्वॉड ने संभाली सुरक्षा की कमान

### संदिग्धों वाहनों और लोगों की ली गई तलाशी



**करंट क्राइम :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जहां ट्रांस हिंडन के बॉर्डर इलाके सील कर दिए गए। तो वहीं शहर के प्रमुख इलाकों में संदिग्ध वाहनों और लोगों की पुलिस द्वारा तलाशी ली गई। इस दौरान बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम भी लगाई गई थी ताकि किसी भी आपात सूचना पर तत्काल एक्शन लिया जा सके। डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने बताया है कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर कमिश्नरेट में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



## ड्रोन और सोशल मीडिया के जरिए भी जांची गई सुरक्षा की कमान

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गाजियाबाद पुलिस अलर्ट मोड पर रही। जहां ड्रोन और सोशल मीडिया के जरिए संदिग्धों और हर गतिविधि की नजर रखी जा रही हैं। तो पुलिस के अधिकारियों को लगातार इलाके में भ्रमणशील रहने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि जश्न-ए-आजादी का त्यौहार शांति, सुरक्षा और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा।



# बारिश से औद्योगिक क्षेत्र साइड चार में हुआ जल भराव

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड चार में मामूली बरसात में ही सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। इससे यहां के उद्यमी और कामगार परेशान हैं। हाल ही में हुई बरसात के बाद अनेक सड़कों पर पानी जमा है। ऐसे में न केवल आना-जाना परेशानी भरा है बल्कि किसी गंभीर हादसे का भी खतरा है। औद्योगिक क्षेत्र में कई जगह जगह सड़क टूटी हुई है। ऐसी सड़कों पर बारिश का पानी जमा होने से कुछ भी हो सकता है। काफी कामगार दूर दूर से पैदल ही फैक्ट्रियों तक पहुंचते हैं। उनके लिए सड़कों पर जमा पानी के अंदर से निकलने की मजबूरी रहती है। जिस तरह के हालात हैं, उनमें तो दुपहिया लेकर चलना भी आसान नहीं। वसुंधरा निवासी अनिल शर्मा का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ डेंटल कॉलेज रोड पर बारिश से जलभराव होने के कारण छात्राओं को कॉलेज में आने जाने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है





जिसकी शिकायत कई बार विभाग के डीजीएम को भी की है। वही जगह-जगह गहरे गड्ढों में पानी भर गया, जिससे सड़क दलदल में बदल गई। गुरुवार को कई गाड़ियां पानी और कीचड़ में फंस गईं, जिसके चलते लंबा जाम लगा। कॉलेज के छात्र-छात्राएं और राहगीर दोनों ही भारी परेशानी में रहे। लोगो का आरोप है कि आसपास की फैक्ट्रियों ने नालों की घेरेबंदी कर रखी है, जिससे पानी निकासी बंद हो गई है। ऊपर से, इतने बड़े ट्रक और ट्रॉले दिन-रात इस सड़क पर खड़े रहते हैं, जो न केवल जाम का कारण बनते हैं बल्कि सड़क के गड्ढों को और गहरा कर रहे हैं।

## केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की शादी की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह कि शादी की वर्षगांठ को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खेलकूद प्रकोष्ठ निरपाल चौधरी के साथ केक काटकर मनाई। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाभी चारु चौधरी को और चौधरी जयंत सिंह को बहुत बहुत शुभकामनाएं बधाई दीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में चौधरी निरपाल सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल , इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी), रविंद्र चौहान प्रदेश महामंत्री , रेखा चौधरी, महानगर अध्यक्ष प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी, विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव (खेल प्रकोष्ठ) भूपेंद्र डबास प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव अरोड़ा महानगर अध्यक्ष (खेल प्रकोष्ठ) संजीव चौधरी जिलाध्यक्ष (खेल प्रकोष्ठ) दिनेश शर्मा जिला महासचिव प्रदीप त्यागी जिला महामंत्री आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम ने 15 अगस्त की तैयारी पर सजाया शहर

## शाहिद स्थलों तथा मुख्य मार्गो पर लगाई गई तिरंगे की लाइट, हर घर तिरंगा के साथ-साथ हर प्रमुख चौराहों का किया सौंदर्यकरण



### आजादी के महोत्सव पर व्यवस्था में जुटे निगम अधिकारी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत गाजियाबाद नगर निगम ने 4 लाख तिरंगे वितरित किए। शहर के प्रमुख चौराहा तथा प्रमुख मार्गो को तिरंगे की लाइट से सुसज्जित किया गया। मेरठ रोड से कलेक्ट्रेट होते हुए हापुर चुंगी तक तिरंगे की लाइट सभी को देशभक्ति के लिए प्रेरित कर रही है। इसी प्रकार शाहिद स्थलों तथा प्रमुख चौराहों पर भी तिरंगे की लाइट से सजावट का कार्य किया गया। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर भी तिरंगे की लाइट लगाते हुए फूल तथा गुब्बारों के माध्यम से सजावट का कार्य किया गया। सभी जोनल कार्यालय में भी तिरंगे की लाइट लगाई गई। निगम अधिकारियों और पार्षदों द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय पर्व की तैयारी में तथा हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा मुहिम को अभियान का रूप दिया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम पार्षदों, सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हर घर तिरंगा लगवाया गया है तथा शहर को भी तिरंगे की लाइट से सजाया गया है। निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान भी चलाए गए हैं। हर घर राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा है। आजादी के महोत्सव में सभी अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से शहर को सजाने तथा शहर वासियों को राष्ट्रीय पर्व में उत्साह पूर्वक शामिल होने के लिए जागरूक करने का कार्य किया गया है। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त ने शहरवासियों से ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक संभाल के रखने के लिए भी अपील की गई है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय पर्व को उत्साह पूर्वक मनाते हुए मुख्य मार्गों पर राष्ट्रीय ध्वज भी लगाए गए हैं।

# विभाजन की पीड़ा हमें एकता और अखंडता का संदेश देती है : डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई







**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर 14 अगस्त 2025 को सायं 5 बजे जानकी भवन, कविनगर रामलीला ग्राउंड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि विभाजन केवल सीमाओं का बंटवारा नहीं था, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन, सपनों और इतिहास पर गहरी चोट थी। दुर्भाग्यवश, तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की राजनीतिक गलतियों और दूरदर्शिता के अभाव ने इस त्रासदी को और गहरा किया। आज जब हम विभाजन के घावों को याद करते हैं, तब हमें यह भी देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश एक नई दिशा में, मजबूती और आत्मगौरव के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह वह समय है जब भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। उन्होंने कहा विभाजन के दर्द और त्रासदी ने देश के करोड़ों लोगों को विस्थापन, हिंसा और अपार पीड़ा दी। आज का यह दिन हमें न केवल उनके बलिदान को याद करने का अवसर देता है, बल्कि यह भी प्रेरणा देता है कि हम अपने देश की अखंडता और एकता को सदैव बनाए रखें। विभाजन के घाव आज भी करोड़ों भारतीयों के दिल में ताजा हैं। हमें यह संकल्प लेना होगा कि ऐसी त्रासदी दोबारा कभी न हो और देश में भाईचारे का वातावरण सदा बना रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा : विभाजन के समय जिन परिवारों ने अपना सब कुछ गंवाया, उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करेगा। आज हमें वचन देना चाहिए कि हम देश की प्रगति के लिए मिलकर काम करेंगे। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि विभाजन के दौरान माताओं-बहनों ने जो कठिन परिस्थितियां झेली, उनका साहस और धैर्य अद्वितीय है।

हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा विभाजन की इस विभीषिका ने हमें यह भी सिखाया कि कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त होता है जब उसके नागरिक एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करते हैं। सिख समाज के प्रमुख नेता सरदार एसपी सिंह ने कहा कि विभाजन में सिख समुदाय ने अपार बलिदान दिए। आज हम उन सभी वीर आत्माओं को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं और एकजुट भारत के निर्माण का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे और मौन रखकर पैदल मार्च करते हुए विभाजन के दौरान बलिदान देने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंचासीन अतिथियों में हर्ष जाटव (क्षेत्रीय महामंत्री), राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, रूप चौधरी, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, जगदीश साधना, अमर दत्त शर्मा, अशोक मोंगा, सरदार एसपी सिंह, सरदार रविन्द्र जौली, सुरेश कश्यप, सतीश चोपड़ा, मलकीत जस्सर, अजय शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, गुलशन भांबरी, हिमांशु लव, प्रदीप चौहान आदि सिख पंजाबी समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बॉबी त्यागी ने किया। कार्यक्रम संयोजक संजय कांत शर्मा, सचिन डेढ़ा, नवीन शर्मा, गौरव चोपड़ा, ललित कश्यप, पंकज भारद्वाज, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को नई पीढ़ी के लिए सजीव बनाने के उद्देश्य से एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई ने किया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अपने पिता के जन्मदिन पर शैली ने पिता के प्रति अपने भाव को सोशल मीडिया पर साझा किया। शैली ने अपने पिता के 74 वे जन्मदिन की पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। पिता के जन्मदिन पर बेटी बेटी की खुशी को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।